सत्यमेव जयते

लोकभवन
राज्यपाल सचिवालय उत्तराखण्ड
न्यू कैन्ट रोड, देहरादून

संख्या– /जी.एस./सा०प्रशा०/E-1789/2025
देहरादून, दिनांक 19 मई, 2026

कार्यालय आदेश

कार्यालय आदेश संख्या–27883/जी०एस०/सा०प्रा०/E-1789/2025 दिनांक 21 जनवरी, 2025 के द्वारा मै० नवीन अग्रवाल मौ० भूप सिंह, जसपुर उधमसिंहनगर से लोकभवन नैनीताल को आम जनमानस के भ्रमण हेतु खोले जाने सम्बन्धी प्रवेश टिकट प्रणाली संचालन किये जाने हेतु 01 फरवरी, 2026 से एक वर्ष अथवा अग्रिम आदेशों तक अनुबन्धित किया गया था।

कार्यहित में लोकभवन नैनीताल को आम जनमानस के भ्रमण हेतु खोले जाने सम्बन्धी प्रवेश टिकट प्रणाली संचालन के सम्बन्ध में निम्न आंशिक संशोधन किये जाते हैं :–

1. सहायक अभियन्ता (विद्युत यांत्रिक), लोकभवन नैनीताल तत्काल एआई युक्त कैमरे संयोजित करते हुए आईटी प्रकोष्ट, लोकभवन देहरादून से लिंक करना सुनिश्चित किया जायेगा।
2. अनुबन्धित फर्म मै० नवीन अग्रवाल मौ० भूप सिंह, जसपुर उधमसिंहनगर को निर्देशित किया जाता है कि अनुबन्धित स्थानों के अतिरिक्त लोकभवन के किसी भी प्रतिबन्धित क्षेत्रों में आगन्तुकों/पर्यटकों द्वारा भ्रमण के दौरान किसी प्रकार की फिल्म शूटिंग/प्रीवेडिंग शूट/वीडियोग्राफी एवं बहुमूल्य वस्तुओं के साथ छेड़ाखानी आदि में पूर्णतः प्रतिबन्ध रहेगा। लोकभवन नैनीताल में बिना लोकभवन की अनुमति के किसी प्रकार की फिल्म शूटिंग/प्रीवेडिंग शूट/वीडियोंग्राफी आदि गतिविधियों में रोक रहेगी।
3. लोकभवन नैनीताल में पर्यटकों हेतु प्रवेश प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक का समय निर्धारित करने के साथ ही प्रवेश शुल्क की दरें लोकभवन की वैबसाईट पर अपलोड की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

कार्यालय आदेश संख्या–27883/जी०एस०/सा०प्रा०/E-1789/2025 दिनांक 21 जनवरी, 2025 में इंगित अन्य सेवा शर्तें/प्रतिबन्ध यथावत् लागू रहेंगे।

(रीना जोशी)
अपर सचिव, श्री राज्यपाल

संख्या : 30723 (1)/जी0एस0(सा०प्र०)/ E–1789/2025 तद्दिनांकित।
प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. परिसहाय, श्री राज्यपाल (ए/पी)।
2. वित्त नियंत्रक, श्री राज्यपाल।
3. विशेष कार्याधिकारी, गृहस्थ अधिष्ठान।
4. वरिष्ठ प्रोग्रामर, राज्यपाल सचिवालय को इस आशय से प्रेषित कि लोकभवन की वैवसाईट पर पर्यटकों के लिए प्रवेश समय एवं दरें यथाशीघ्र अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. सूचना अधिकारी, लोकभवन।
6. सहायक अभियन्ता, सिविल/वि०यॉ० खण्ड, लो०नि०वि० लोकभवन, नैनीताल को इस आशय के प्रेषित कि लोकभवन नैनीताल में तत्काल एआई युक्त कैमरे संयोजित करते हुए आईटी प्रकोष्ट, लोकभवन देहरादून से लिंक करना सुनिश्चित करें।
7. कम्पनी कमाण्डर, पी०ए०सी० दल, लोकभवन, नैनीताल।
8. मै० नवीन अग्रवाल मौ० भूप सिंह, जसपुर जिला उधमसिंह नगर इस आशय के साथ की प्रथम तिमाही के प्रथम सप्ताह का 50 प्रतिशत तथा छमाई के प्रथम सप्ताह का शेष 50 प्रतिशत अनुबन्धित धनराशि का भुगतान तत्काल वित्त नियंत्रक, श्री राज्यपाल, लोकभवन उत्तराखण्ड, देहरादून के नाम जमा करना सुनिश्चित करें।

(रीना जोशी)
अपर सचिव, श्री राज्यपाल